# सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के पनघटवा गांव में रविवार सुबह 9 बजे सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। नाराज ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। केतमा निवासी लाल महेश सिंह अपने घर से समान लेने टाटीदीरी बजार जाने के कर्म में तेज रफ्तार में ट्रेक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की तयारी कर रहे थे तभी उन्की मृत्यु हो गई।मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने सड़क जाम कर फरार वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने समझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन की तलाश जारी है।

## भवनाथपुर में सड़क हादसा, बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



**भवनाथपुर।** मुख्य पथ स्थित बुनियादी विद्यालय के समीप रविवार को एक बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय युवकों बॉबी कुमार और शशिकांत कुमार ने तत्परता दिखाते हुए घायल को ऑटो से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ. एस. कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी युवकों ने बताया कि बाइक चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी दौरान सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को देखकर उसने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा आयोजित

**सगमा।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन पर रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा बाजार में प्रखंड अध्यक्ष हरिदास यादव की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में मंत्री रामदास सोरेन के निधन को राज्य की राजनीति व समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि रामदास सोरेन ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव झारखंड की पहचान और यहां की जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष हरिदास यादव, राकेश पांडेय, मंगलेश यादव, घूरन यादव, बाबू लाल यादव बसंत पाल गोरखनाथ विश्वकर्मा, राजेश यादव, चंद्रकांत यादव, गोरख यादव, ललन उरांव, रमेश पासवान विजय पासवान जय गोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## 134 मरीजों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** आनंदमार्ग प्रचारक संघ, शाखा-मेराल के रजत जयंती के अवसर पर रविवार को आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम द्वारा लातदाग गांव के आदिवासी बहुल इलाका ठेकहा टोला में मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ रामानुज प्रसाद, डॉ. राहुल कुमार सीता कुमारी द्वारा 134 मरीजों को स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। डॉ रामानुज प्रसाद ने बताया कि सामान्य बीमारी के अलावें एनीमिया, जोड़ों का दर्द, चर्म रोग, उच्च रक्तचाप इत्यादि मरीज को जांच कर दावा दिया गया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन कहा कि जगत के कल्याण के लिए निः स्वार्थ सेवा और आत्मा के मोक्ष के लिए तंत्र आधारित अष्टांग योग के साधना ही आनंदमार्ग का बीज मंत्र है। विश्व भर में आपदा राहत कार्य के लिए आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम (अमर्ट) की एक अनोखी पहचान है।इस शिविर को सफल बनाने में विष्णु यादव, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, रोहित कुमार, सच्चिदानंद कुशवाहा, देवीशरण गुप्ता, मदन कुमार का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर मंदीप पासवान, अनिल टोप्पो, सुरेंद्र मेहता, बबलू उरांव, छोटू उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

## कोइन्दी मदरसा के मोहतमिम मौलाना असरफ हुसैन अंसारी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल क्षेत्र के कोइन्दी स्थित मदरसा दारुल उलूम समसिया कादरिया के मोहतमिम मौलाना असरफ हुसैन अंसारी के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मौलाना अशरफ हुसैन अंसारी मदरसा कोइन्दी के संस्थापक थे और बीते 38वर्षों से लगातार इस मदरसे की सेवा में लगे हुए थे। शिक्षा के क्षेत्र, विशेषकर उर्दू, अरबी और हाफिजी तालीम को बढ़ावा देने में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अथक प्रयासों से सैकड़ों बच्चों ने धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को दिशा दी। मौलाना का निवास कधवन ग्राम में था और वहीं के कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया । परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की देर शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टियां होने लगीं, जिसके बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें नगर के एक निजी क्लीनिक में लेकर गए। हालत नाजुक होने पर उन्हें डाल्टनगंज रेफर किया गया, लेकिन रांची ले जाते समय कुडू के पास उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र के शैक्षिक, धार्मिक और सामाजिक जीवन में गहरी रिक्तता आ गई है। लोग उन्हें हमेशा उनके कार्यों और सेवाभाव के लिए याद रखेंगे। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, ₹मौलाना असरफ हुसैन अंसारी इस क्षेत्र में उर्दू और अरबी तालीम की शुरूआत करने वालों में अग्रणी थे। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।₹ कधवन मुखिया फिरदौस आलम ने भी दुख प्रकट करते हुए कहा, ₹मौलाना असरफ हुसैन अंसारी ने सिर्फ मदरसा की नींव नहीं रखी, बल्कि एक पूरी पीढ़ी को ज्ञान और संस्कार की राह दिखाई। उनके जाने से हमने एक मार्गदर्शक, समाजसेवी और सच्चे शिक्षाविद् को खो दिया है। जनाजे की नमाज हजरत पीरे तरीकत हुजूर नसीरेमिल्लत साहब के द्वारा नमाज अदा कराया गया। मौके पर हजरत मौलाना मसूद रजा,मौलाना एजाज अंजुम,महमूद आलम,असगर अंसारी,कलाम खान,गयासुद्दीन अंसारी,तस्लीम अंसारी,फिरदौस आलम,डॉ समसूदिन खान, सहित हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## प्रेमी युगल का कराया गया विवाह



**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के नागनहा गांव के एक प्रेमी युगल का विवाह शनिवार की देर रात थाना परिसर के समीप महावीर मंदिर में स्थानीय ग्रामीण व पुलिस प्रशासन के समक्ष सम्पन्न हुआ। जानकारी के अनुसार पिछले एक वर्षों से भंडरिया थाना क्षेत्र के नगनाहा गांव निवासी प्रमोद सिंह के पुत्री रिंकु कुमारी का गांव के ही बन्धु सिंह के पुत्र ईश्वर दयाल सिंह के साथ प्रेम प्रसंग में थे। लेकिन हाल ही में आपसी विवाद के बाद युवती थाने पहुंच गई। तथा इसकी जानकारी भंडरिया इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा को बताया।मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी ने दोनों प्रेमी युगलों के स्वजनों को थाना बुलाया तथा मामले की जानकारी ली।दोनों प्रेमी युगल के एक ही समाज के रहने और स्वजनों की सहमति से दोनों का विवाह कराने का निर्णय लिया गया। रात करीब 11 बजे पुलिस की मौजूदगी और परिजनों व ग्रामीणों की गवाही में महावीर मंदिर भंडरिया मे पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराने के उपरांत प्रेमी से प्रेमिका को मांग मे सिंदूर दिलवाकर शादी सम्पन्न कराई गई।इस अनोखे विवाह के साक्षी पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग भी बने। विवाह के बाद सभी ने नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की।मौके पर प्रेमी प्रेमिका के माता पिता के साथ उनके अन्य स्वजन उपस्थित थे।

# डीईओ ने किया खाद्य दुकानों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा डीईओ खुशबू पासवान ने रविवार को भवनाथपुर पहुंचकर खाद दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद दुकानों में पहुंच पंजीकृत खाद दुकान में यूरिया खाद की बिक्री और स्टॉक पंजी की जांच की, जहां यूरिया खाद की आवंटन और किसानों के बीच आधार कार्ड से यूरिया की बिक्री का मिलान किया। वहीं मौके पर मौजूद कई किसानों ने बताया कि खाद दुकानदार यूरिया खाद की कीमत निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेच रहे है, साथ ही दुकानदार यूरिया के साथ जाए खरीदने हेतु दबाव डाल रहे है, इस पर डीईओ ने किसानों को बताया कि यूरिया के साथ जाईम लेने के लिए खाद दुकानदार किसान को बाध्य नहीं कर सकते है, वैसे किसान लिखित शिकायत करे संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को मिट्टी को उपजाऊ और फसल की अच्छी पैदावार के लिए किसानों को अपने खेती में यूरिया के साथ जाईम डाल सकते है। कहा कि प्रखंड में यूरिया खाद की किल्लत किसानों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। यूरिया की परेशानी से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जल्द ही लाइसेंसी खाद दुकानो में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जायेगी।

## गढ़वा आ रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त

**गढ़वा।** छत्तीसगढ़ से झारखंड के गढ़वा आ रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस घटना में कई बस यात्री गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसा उस वक्त हुई, जब छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से बाबा ट्रेवल्स की बस झारखंड के गढ़वा आ रही थी। उसी दौरान नेशनल हाइवे 343 पर मिनी ट्रक और यात्री बस के बीच हुई जोरदार टक्कर हो गयी। इस टक्कर में कई लोग घायल हो गए। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर से गढ़वा जा रही यात्री बस ‎बाबा बस‎ जैसे ही पाढ़ी के पास पहुंची, सामने से आ रहे मिनी ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे यात्री घायल हो गए। हादसे के समय बस में करीब 40 यात्री सवार थे।

## भवनाथपुर में संत श्री ज्ञान देव जी महाराज के आगमन को लेकर बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** महर्षि सद्गुरु सदाफल देव आश्रम सिन्दुरिया, बीएसएम कॉलेज टाउनशिप भवनाथपुर में आगामी 6 सितम्बर को संत श्री ज्ञान देव जी महाराज के शुभ आगमन की तैयारियों को लेकर रविवार को कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उपेन्द्र नाथ मिश्रा ने की।बैठक में तय किया गया कि एकदिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग पांच हजार श्रद्धालु शामिल होकर संत श्री ज्ञान देव जी महाराज का स्वागत करेंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय कीं और क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।इस मौके पर जिले के प्रभारी संयोजक सुरेंद्र विश्वकर्मा, सरजू प्रसाद अग्रवाल, इंद्रजीत गुप्ता, प्यारे राम, त्रिभुवन शाह, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्यनारायण यादव, राम सुदर्शन प्रजापति, दयानंद प्रजापति, संदीप गुप्ता, रघुनाथ पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# कच्ची सड़क से लोगों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने मायर टोला मेन रोड से होते हुए नाहर तक लगभग 300 फिट सड़क का मरम्मती कार्य अपने निजी खर्च से कराया। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि मुकुंदपुर पंचायत के मायर टोला में कच्ची सड़क होने के वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी जो वहां के लोगों के द्वारा लंबे समय से सड़क निर्माण के लिए मांग किया जा रहा था। आज हमने मोरम मेटल डलवाकर सड़क का मरम्मत कराया। अब लोगों को आने जाने में कोई परेशानी ना हो। ग्रामीणों ने मुखिया के इस कार्य की सराहना की। इस अवसर पर दीपक वर्मा,विक्रम सिंह, गौरी सिंह, कपिल देव सिंह, जगनारायण सिंह, बालकरण सिंह ,बिहारी सिंह उपेंद्र सिंह रामनाथ सिंह सोमनाथ सिंह सहीत अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर खरौंधी में शोक की लहर

# शिक्षकों व झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। शिक्षा मंत्री के असमय चले जाने से न केवल राजनीतिक गलियारों में बल्कि शिक्षा जगत में भी गहरा दुख व्याप्त है। रविवार को खरौंधी प्रखंड के विभिन्न संगठनों और शिक्षकों ने मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार राम ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रामदास सोरेन का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने हमेशा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य किया। मंत्री के रूप में उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कई सार्थक पहल की थी।इसी क्रम में सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष इंदल पासवान ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ₹शिक्षा मंत्री का असमय चले जाना हम सभी के लिए अत्यंत पीड़ादायी है। वे सरल स्वभाव और जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे।₹ उन्होंने कहा कि रामदास सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन ईश्वर ने उन्हें बहुत जल्द अपने पास बुला लिया।वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अभिजीत किशोर ने कहा कि रामदास सोरेन न केवल एक लोकप्रिय जननेता थे, बल्कि गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्षरत रहते थे। मंत्री के निधन की खबर से क्षेत्रीय शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं झामुमो समर्थकों के बीच गहरा दुख देखा गया। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।मौके पर झामुमो नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, विनोद यादव, हिफाजत अंसारी, राकेश उराँव, जाकिर हुसैन,चंदन कुमार सचिन यादव, गिरीश यादव सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।



























# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, चार गिरफ्तार

- रेलवे ट्रैक के पास मिला शव, रस्सी से गला घोंटने के बाद फेंका गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियाही रेल पटरी के पास युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अमरेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू सिंह (22 वर्ष), निवासी ग्राम सुआ, थाना सदर, जिला पलामू के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया। पुलिस के अनुसार अमरेन्द्र का पांच वर्षों से काजल कुमारी से संबंध था। विवाह के बाद भी उनका संपर्क जारी रहा, जिसका विरोध लड़की का परिवार करता था। 15 अगस्त की रात अमरेन्द्र प्रेमिका से मिलने गया, तभी परिजनों ने पकड़कर रस्सी से गला घोंट उसकी हत्या कर दी। शव को छिपाने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया, जिससे ट्रेन की चपेट में आकर शव दो हिस्सों में बंट गया।

मृतक के भाई रविन्द्र कुमार सिंह के आवेदन पर सदर थाना कांड सं. 85/2025 दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों में योगेन्द्र यादव, राकेश यादव,कलावती देवी व वृक्ष यादव (सभी ग्राम – सुआ, थाना – सदर) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त रस्सी, गमछा, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

छापामारी दल में थाना प्रभारी लाल जी समेत रंजीत कुमार, मनोज मुंडा, सत्येन्द्र तिवारी, अरविन्द गुप्ता, योगेन्द्र राम व सशस्त्र बल शामिल रहे।

# श्री विष्णु मंदिर में 90वां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के ऐतिहासिक श्री विष्णु मंदिर में शनिवार को लगातार 90वां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। पूरा मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा और चारों ओर भक्ति गीतों की गूंज वातावरण को दिव्य बना रही थी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, टीओपी प्रभारी इंद्रदेव पासवान सहित अनेक अतिथि पहुंचे। सभी ने झूले पर विराजमान लड्डू गोपाल का दर्शन कर झूला झुलाया। महोत्सव में अनुकांत वर्मा ग्रुप द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजती रहीं। मध्यरात्रि 12 बजे मंदिर के पुजारी संजय पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव संपन्न कराया और विशेष महाआरती आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महोत्सव में मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की गई और भक्तों की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष सुचित्रा अग्रवाल, उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव श्रवण सोनी, सह सचिव महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभय कुमार, सह-कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल, ट्रस्टी नवीन गुप्ता 'लालबाबू', प्रदीप कुमार, शेखर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश दुबे, मुस्कान अग्रवाल सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
सुधांशु यादव — रोजगार सेवक, परती कुशवानी, केतार, गढ़वा।
राकेश कुमार — प्रखंड समन्वयक, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
संगीता देवी
पूर्व मुखिया
मुकुन्दपुर, केतार
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
नागेन्द्र ठाकुर
झामुमो नेता
केतार
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
प्रमोद कुमार — मुखिया, केतार, गढ़वा।
श्याम सुंदर बैठा — मुखिया, पाचाडुमर, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
विरेंद्र राम — प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय, चेचरिया,केतार, गढ़वा।
देवेन्द्र कुमार — प्रधानाध्यापक, पीएम श्री मध्य विद्यालय, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मझिआंव प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई।
डॉ. अरविंद कुमार
MBBS निर्वाना नेत्रालय
मझिआंव
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
शैलेन्द्र सिंह (छोटन)
डायरेक्टर
गुलाब इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल
मोटंगवा, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
राम सुरेश राम — पंचायत सचिव, पाचाडुमर, केतार, गढ़वा।
आदित्य कुमार — पंचायत सचिव, मुकुन्दपुर, केतार, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंदवा क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मुखिया संघ, चंदवा, लातेहार।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशंस
टिको, कुडू, एण्ड हूटाप चन्दवा, लातेहार
(बी एड, डी एल एड बी एस सी निर्सिंग, नर्सिंग ए.एन, एम. डीण फार्मेसी)
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
इंद्र जीत भारती
सचिव
अविराज ए ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशन

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
राकेश पासवान
समाजसेवी
परसोडीह
केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
डॉ. अनिश गुप्ता
समाजसेवी
मुकुन्दपुर
केतार, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
रजनी शर्मा
जिलापरिसद सदस्य नीलाम्बर पीताम्बरपुर
भवनाथपुर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
रजनी रंजन
थाना प्रभारी
भवनाथपुर, गढ़वा

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
अमरेन्द्र कुमार — सहायक अभियंता, केतार, गढ़वा।
अमर भारती — कनिष्ठ अभियंता, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
प्रतिमा कुमारी सिंह
प्रभारी प्राचार्या
बृजनाथ सिंह इंटर कॉलेज
बलिगढ़, केतार, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
बेबी देवी
मुखिया
भवनाथपुर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
आनंद कुमार
बीपीओ
भवनाथपुर, गढ़वा

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मझिआंव प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई।
प्रमोद कुमार
अंचलाधिकारी
मझिआंव
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केतार प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।
बसंती देवी — मुखिया, परसोडीह, केतार, गढ़वा।
मुनि देवी — मुखिया , परती कुशवानी, केतार, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मझिआंव प्रखंडवासियों को हार्दिक बधाई।
सुनील कुमार तिवारी
पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी
मझिआंव, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
दयानंद प्रजापति
रोजगार सेवक
भवनाथपुर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
तहमीद अंसारी
रोजगार सेवक
पंडरिया पंचायत, भवनाथपुर गढ़वा

जिला परिषद क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं, मजदूरों, किसानों, पंचायत प्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।
स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धाओं को शत-शत नमन।
अंजू देवी
जिला परिषद सदस्य
अश्विनी कुमार सिंह
समाजसेवी (सुपुत्र)
मोहम्मदगंज
पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चंदवा क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
एसके कंस्ट्रक्शन
प्रो. संतोष सिंह
मृत्युंजय सिंह उर्फ सोनु सिंह
चंदवा, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
गायत्री देवी
मुखिया
पंडरिया पंचायत, भवनाथपुर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।
सरिता देवी
मुखिया
मकरी पंचायत, भवनाथपुर- गढ़वा

## एक नजर

### सर्पदंश से 13 साल की बच्ची की मौत

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के ओकराहा गांव में शनिवार की रात्रि में जन्माष्टमी की पूजा कर रही 13 वर्षीय आरती कुमारी की मौत जहरीले सांप के दंश से मौत हो गई। आरती के पिता रविन्द्र ठाकुर ने बताया कि घर के पास ही रात्रि में पेड़ के नीचे गांव की महिलाएं जन्माष्टमी की पूजा कर रहें थीं। आरती भी बैठ कर पूजा कर रही थी कि उसके हाथ में करैत सांप दंश लिया। उसकी तबीयत खराब होने लगी। इसी दौरान महिलाओं ने सांप को देखा और उसे मार दिया। आरती को मेदिनीनगर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### तीन दिवसीय निशुल्क उपचार शिविर का आयोजन

**विश्रामपुर।** नौगढ़ा फोर्टीज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में तीन दिवसीय निःशुल्क उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 17 अगस्त से 19 अगस्त तक चलेगा। इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के निदेशक नितेश कुमार पाठक ने बताया कि नौगढ़ा फोर्टीज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से तीन दिवसीय निःशुल्क उपचार शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ व सर्जन को आमंत्रित किया गया है। जहां परामर्श, सभी प्रकार का ऑपरेशन, जांच, दवा सहित भर्ती, मरीज का खाना रहना भी बिल्कुल निःशुल्क दिया जाएगा। बताया कि आस-पास से आने जाने वाले मरीज के लिए एम्बुलेंस सेवा भी निःशुल्क भी मिलेगा। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य परेशानी हो तो तत्काल हॉस्पिटल में अपना नामांकन दर्ज कराए व संपर्क करें ।

### मुखिया व सचिव को मिला सम्मान

**पांडू।** जिला स्तरीय कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायतों की सूची में पांडू प्रखंड का मुसीखाप पंचायत अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा। बेहतर कार्य और उल्लेखनीय उपलब्धियों के आधार पर मुसीखाप पंचायत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया रुखसाना बीबी और पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने पंचायत को जिला स्तर पर श्रेष्ठ पंचायत के रूप में स्थान मिलने की खुशी में पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुखिया रुखसाना बीबी, पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार और रोजगार सेवक मौलाना रसीद नेहाल को बुके एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

### छह दिवसीय आनंद उत्सव का समापन

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग डाल्टनगंज के द्वारा लेस्लीगंज में छह दिवसीय आनंद उत्सव शिविर का समापन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री रविशंकर के संबोधन तथा आनंद उत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों को दिखाया सुनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सुदर्शन क्रिया कराया गया। साथ ही जीवन जीने के गुर सिखाए गए। साथ ही कहा कि लोगों को आध्यात्मिक वातावरण में रहकर शरीर व मन को ठीक रखते हुए जीवन को खुश रखने का संदेश दिया गया। वह कार्यक्रम में बजरंगी प्रसाद सोनी, अनीता सोनी, कार्तिक प्रसाद सोनी, किरण कुमारी, परिणीता कुमारी, दिव्या कुमारी, छोटी कुमारी, सुषमा कुंवर सहित 13 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### जज्बा,कर्मजोशी के साथ लहराया तिरंगा

**पांडू।** स्वतंत्रता दिवस पर पांडू प्रखंड कार्यालय, किसान भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,पांडू थाना के अलावे राजकीयकृत कल्याण +2 उच्च विद्यालय पांडू का हर कोना बच्चों की हंसी, देशभक्ति गीतों और तिरंगे के रंगों से महक उठा। सुबह से ही छात्र-छात्राएं उत्साह से सजे-धजे विद्यालय पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य देवेश कुमार पाल ने बच्चों के साथ मिलकर तिरंगा फहराया, जिसे देखकर नन्हें चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे।

# डॉक्टर की लापरवाही से हुई बच्चे की मौत, डॉक्टर फरार

**डॉक्टर की दबंगता, पैसा के लिये तीन घंटा बंधक बनाकर रखा मरीज और परिजनों को**

## परिजनों ने कार्रवाई की मांग, इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में कथित चिकित्सक की लापरवाही से एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद डॉक्टर फरार हो गया है। मृत बच्चे की पहचान हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पचंबा गांव निवासी कमेश राम के पुत्र सचिन कुमार (6 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना बीते शुक्रवार की दोपहर की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार उक्त बच्चे को बिच्छू ने डंक मार दिया था, दर्द से उसे तड़पता देखकर परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जा रहे थे, कि जपला हैदरनगर रोड स्थित नदी पर खुशबू क्लिनिक के डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि कहां ले जा रहे है, यही ठीक हो जाएगा।परिजनों ने उसके पास इलाज के लिए ले गये। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने उसे देखने के बाद दो तीन इंजेक्शन लगाया और उसके बाद परिजनों को कहा की इस इंजेक्शन से बच्चे को तेज बुखार आएगा, कुछ घंटे बीतने के बाद उसे काफी तेज बुखार आया और कुछ ही मिनटें में उसका शरीर ठंडा पड़ गया, शरीर में कोई हलचल नहीं देखकर जब हमलोगों ने डॉक्टर से बच्चे को बाहर ले जाने को कहा, तो डॉक्टर ने दबंगता दिखाते हुए पैसा की मांग करने लगे और कहा की जब तक इलाज का पैसा नहीं दोगे बाहर नहीं जाने देंगे। हमलोगों को तीन घंटा बंधक बना कर अपने क्लीनिक में रखा। उसके बाद गांव के दूसरे से फोन पे में पैसा देने के बाद मरीज और हमलोगों को बाहर इलाज के लिए जाने दिया। हमलोगों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए पुनः हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचते ही वह शिथिल पड़ गया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है की कथित डॉक्टर के गलत इलाज किए जाने के कारण और तीन घंटा बंधक बनाए रखने के कारण उसका सही समय से इलाज नहीं होने के कारण बच्चे की मौत हुई है। इस संबंध में मृतक के पिता कमेश राम ने डॉक्टर के खिलाफ लिखित आवेदन थाना व सीएस को भी दिया है। उधर सोशल मीडिया पर खबर चलने की सूचना पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार ने भी क्लीनिक के पास पहुंचे तो देखा की उक्त क्लीनिक बंद है। उन्होंने बताया कि परिजनों से बात हुई है, उनके अनुसार गलत इलाज के कारण मौत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हैदरनगर में जोश के साथ मना जश्ने आजादी



हैदरनगर थाना परिसर में ध्वजारोहण करते थाना प्रभारी अंसारी व अन्य गणमान्य लोग।

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हैदरनगर के सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों व प्रतिष्ठान परिसर में जश्ने आजादी का महोत्सव पर शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया। शुक्रवार को सरकारी और गैर सरकारी सहित निजी प्रतिष्ठानों पर पूरे दिन राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की धुन से गुंजायमान रहा। उमस भरी गर्मी के बावजूद लोगों में देशभक्ति का जज्बा और जश्ने आजादी का जोश दिखा। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रखंड प्रांगण में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, थाना प्रांगण में थाना प्रभारी अफजल अंसारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने झंडोतोलन किया। जिसमें बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह, प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया जितेंद्र सिंह, कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम व शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, गुप्तेश्वर पांडेय, गुलशन आरा व फरहाना खातून, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, नावाजिश खान, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान आदि बढ़ चढ़कर पूरे उमंग के साथ सहभागिता निभाई। वहीं क्षेत्र के भाजपा कार्यालयों पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व कामेश्वर कुशवाहा अपने सहयोगी और कार्यकताओं के साथ झंडोत्तलन कार्यक्रम में सक्रियता दिखाई है। सरकारी अस्पताल में एएनएम शांति, कंचन, प्रभावती, सीमा, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार व दिलीप कुमार, फार्मासिस्ट नवीन किशोर, ड्रेसर सिपाही राम व प्रमोद सिंह, लैब टेक्नीशियन बसंत कुमार आदि ने झंडोतोलन उपरांत उत्साह के साथ उपस्थित सैकड़ों लोगों को मिठाईयां खिलाई। इस मौके पर प्रखंड के मोकहर कला, हैदरनगर पश्चिमी, परता, बरडंडा, बभंडी, खरगाड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया क्रमशः नाजमा शहनाज परवीन, कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम, जितेंद्र सिंह, कुसुम देवी ने पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक चक्रवर्ती कुमार सिंह, राजद के प्रदेश सचिव रिजवान खान, प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि व अन्य सहयोगियों के तिरंगा फहराने के बाद ग्रामीणों के बीच मिठाइयां बांटी।

## पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने अपने आवासीय परिसर में किया ध्वजारोहण



ध्वजा ध्वजारोहण को संबोधित करते कमलेश सिंह।

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह के आवसीय कार्यालय में उत्साह के साथ किया गया। पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति का माहौल बनाया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र सिंह ने किया। मौके ओर पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस वीर सपूतों के बलिदान को याद करने का दिन है। उन्होंने सभी से देश की एकता और विकास में योगदान देने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने ने अंचल व प्रखंड कार्यालय एवं अनुमंडलीय अस्पताल की कार्य शैली पर सवाल उठाया और इसमें सुधार लाने की बात कही नहीं तो एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा। कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह, सूर्य सोनल सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह और सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता अजित सिंह, विनय पासवान , संजय सिंह, बीरेंद्र सिंह समेत कई पदाधिकारीयों ने सभा को सम्बोधित किया।

## ऊंटारी रोड में पीडीएस गड़बड़ी, लाभुकों को तीन माह का राशन नहीं मिला



**अंगूठा लगवाकर दो या एक माह का ही खाद्यान्न वितरण, जांच की मांग**

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** सरकार और जिला प्रशासन के दावों के बावजूद ऊंटारी रोड प्रखंड में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी नजर आ रही है। लाभुकों को तीन माह (जून, जुलाई, अगस्त) का अग्रिम खाद्यान्न देने का आदेश जारी हुआ था, लेकिन अधिकांश उपभोक्ताओं को पूरा राशन नहीं मिल सका। लाभुकों ने बताया कि डीलरों ने उनसे तीन माह का अंगूठा लगवा लिया, परंतु केवल एक या दो माह का ही राशन दिया गया। शेष अनाज बेचे जाने का आरोप भी लगाया गया है। जोगा पंचायत स्थित बिरजा गांव के डीलर जगू चौधरी और निषाद मछुआरा स्वयं सहायता समूह पर सबसे ज्यादा आरोप लगे हैं। निषाद मछुआरा स्वयं सहायता समूह के कार्डधारियों रिंकी देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, सुनैना देवी, सुनीता देवी , बसंती देवी, रजिया कुंवर, गुलाबासवा देवी,समेत कई लाभुकों ने बताया कि उनके हिस्से का अनाज गायब कर दिया गया है। वहीं जन वितरण प्रणाली विक्रेता जगू चौधरी के कार्डधारी कृष्णा चौधरी, नरेश चौधरी, किस्मतिया देवी, सुदामा चौधरी, कामेश्वर चौधरी, चम्पा देवी, किरण देवीसहित कई लाभुकों ने बताया किउनके हिस्से का अनाज गायब कर दिया गया है। वहीं इस विषय में जगू चौधरी और समूह अध्यक्ष देवमनिया देवी ने आरोपों को निराधार बताते हुए दावा किया कि राशन का पूरा वितरण कर दिया गया है। ऊंटारी रोड प्रमुख अलका कुमारी ने कहा कि मामला संज्ञान में है और जांच कराई जाएगी। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रणधीर कुमार ने भी आश्वासन दिया कि जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की ....

## जन्माष्टमी पर झूमे कृष्ण भक्त, भक्ति में सराबोर में डूबे रहे



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** जन्माष्टमी पर्व पर शनिवार की मध्यरात तक पूरा गोल्हना गांव में कृष्ण भक्ति में सराबोर में डूबे रहे। इस गांव की गलियों में हरे कृष्णा - हरे राम का संकीर्तन देर रात तक गूंजता रहा। रस भक्ति की इस समूह में लोकगीत गायक शैलेन्द्र सिंह की मधुर वाणी ने सभी को भाव विभोर कर दिया। तबले पर नागेंद्र सिंह व बलवंत सिंह, नाल पर राहुल सिंह और झाल पर अंकू सिंह राणा ने संगत कर कृष्ण भक्त के वातावरण को जीवंत कर दिया। तेजनारायण, धर्मेन्द्र, अभिषेक, नीरज व गुनगुन ने अपनी लयकारी से कीर्तन को खूब ऊंचाइयां दी। इस कार्यक्रम में गोरख सिंह, वार्ड सदस्य बचन सिंह, हिमांशु सिंह, धीरज और शिवम, सागर सहित ग्रामीणों की मौजूदगी रही। गांव के नन्हे मुन्ने भी इस भक्ति संगीत पर थिरकते नजर आए। मध्यरात्रि बारह बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आरती के साथ आयोजन अपने चरम पर पहुंचा। भक्ति, उल्लास और परंपरा से सराबोर यह आयोजन देर रात तक चलता रहा और हर ओर सिर्फ. ह्लजय कन्हैया लाल कीह्व की धुन गूंजती रही। वही चौक बाजार हैदरनगर में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में इस उत्सव पर महिला पुरुष भक्तों का आधी रात तक रेला लगा रहा। पंडित जयप्रकाश तिवारी के सान्निध्य में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कराने के बाद प्रसाद वितरण कराया गया। शनिवार की शाम से ही भजन कीर्तन की धूम शुरू होने के बाद जन्मोत्सव के बाद वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, मुकेश कुमार मेहता, उप मुखिया पवन कुमार, रामप्रवेश मेहता आदि ने कार्यक्रम का समापन कराया। साथ ही आगंतुक गायक, ब्यास व अतिथियों को सहर्ष विदा किया।

## पंचमुखी मंदिर में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया। मौके पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। पूजा अर्चना को लेकर मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया था। इस विशेष पूजा अर्चना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्रामपुर राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। राजा रंजित राय, रानी रागनी सिंह व युवराज शशांक राय ने बतौर यजमान खुद पूजा अर्चना किया। राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने पूजा संपन्न कराया। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष जन्माष्टमी पूजा का आयोजन विश्रामपुर राजपरिवार के द्वारा किया जाता रहा है। पंचमुखी मंदिर राज परिवार की विरासत है। जिसकी देख रेख व रख रखाव राजपरिवार के द्वारा ही किया जाता है। रानी रागिनी राय ने कहा कि भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। पंचमुखी मंदिर राज परिवार की धरोहर है। मंदिर में पूजा अर्चना को ले राजपुरोहित को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## समस्या

### किसानों को सामना करना पड़ रहा है उपर और नीचे दोनों की मार

## हैदरनगर में किसानों को कई दिनों से नहीं मिला यूरिया : यमुना सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** किसानों को असमय अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि का सामना करना पड़ा है। वयोवृद्ध किसान सह पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह, छोटू सिंह, अशोक कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, बिमलेश मेहता, अखिलेश मेहता, भीम प्रजापति, भोला प्रजापति सहित किसानों ने पीड़ा व्यक्त कर कहा कि इस बार चालू मौसम में उनके खेतों में उपर वाले इंद्र भगवान ने जरुरत अनुसार पानी तो दे दिया। किन्तु अब क्षेत्र के किसानों को गत दस दिनों से यूरिया खाद के लिए बाजारों में भागदौड़ करने बाद भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके इस समस्या से समय पर निदान कराने के प्रति सरकार और प्रशासन पूरी तरह विफल हो गई है। जबकि पूर्व के बरसात में जब उनके खेतों तक पानी नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें बाजारों में पर्याप्त खाद का भंडारण देख मन मसोसना पड़ा है। स्थानीय पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, खाद विक्रेता अनूप कुमार सिंह आदि ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में यूरिया का भंडार शून्य है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के विभिन्न डिस्ट्रीब्यूटर से किल्लत की बात बताने और मांग किए जाने के बाद वहीं यूरिया अनुपलब्ध बताया गया है। उन्होंने कहा कि खाद अनुपलब्धता और किल्लत की स्थिति में विक्रेताओं पर ही व्यर्थ कालाबाजारी का आरोप मढ़ा जाता रहा है। हालांकि इस बार भी किल्लत और कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने क्षेत्रीय विक्रेताओं के साथ दो दिनों पूर्व ही बैठक का अद्यतन जानकारी के साथ उनके ई पौश मशीन से निकाली गई रिपोर्ट यूरिया का भंडार शून्य पाया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में यूरिया खाद का रैक लगने की सूचना है। वहां पर सर्वप्रथम रैक आने के बाद ही प्रखंड और अंचल स्तर पर इस खाद की उपलब्धता संभव होगी। यह समस्या पूरे जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र में कायम है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वस्तुस्थिति से जिला कृषि कार्यालय को पत्र के माध्यम से लगातार अवगत कराया जा रहा है। क्षेत्र के सभी उर्वरक खाद विक्रेता की स्टॉक जांच भी किया जा रहा है। इसे लेकर पूरे पलामू के खाद विक्रेताओं की तीन चरणों में जिला कृषि पदाधिकारी की ओर से 19 से 21 अगस्त तक बैठक कर इस समस्या से निपटने के लिए सूचना भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि लगातार सूचना के बाद हैदरनगर मुख्यालय स्थित आयुष खाद भंडार और रवि खाद भंडार दीवान बिगहा को उर्वरक रविवार को उपलब्ध करा दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### पांडू प्रमुख नीतू सिंह एक्सपोजर विजिट के लिए गोवा रवाना



**ऊंटारी रोड़।** झारखंड सरकार के पंचायतीराज विभाग की ओर से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का 28 सदस्यीय दल छः दिवसीय एक्सपोजर विजिट के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से गोवा के लिए रवाना हुआ। पांडू प्रमुख नीतू सिंह ने कहा कि पंचायतीराज विभाग, गोवा सरकार द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों का अवलोकन कर उनमें से कुछ बेहतर योजनाओं को अपने क्षेत्र में भी धरातल पर उतारने का प्रयास करुंगी। ऐसे अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एवं पंचायतीराज विभाग की माननीय मंत्री दीपिका सिंह पांडेय जी का पांडू प्रखंड की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त करती हूं। दल का नेतृत्व पंचायतीराज विभाग के पदाधिकारी अभिषेक रंजन एवं अरिंदम डे कर रहे हैं। दल में पांडू प्रमुख नीतू सिंह, रमना प्रमुख करुणा सोनी, खरौंधी प्रमुख आभा रानी, नगर उंटारी प्रमुख उर्मिला देवी सहित राज्य के विभिन्न जिलों के 15 प्रमुख एवं 13 मुखिया शामिल हैं।

### फेयर प्राइस डीलर एसो. संघ के अध्यक्ष बने मिथिलेश

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ का चुनाव संपन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर एसोसिएशन सदस्यों और पर्यवेक्षक के रूप में नागेंद्र सिंह अजय भारती,प्रदीप पासवान, सूर्यनारायण राम व श्याम बिहारी पासवान की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। अध्यक्ष पद के लिए मिथिलेश राम व शंभू सिंह ने नामांकन दाखिल किया।मिथिलेश राम को 83 मत व शंभू सिंह को 40 मत प्राप्त हुआ। इस प्रकार 43 मत से जीत हासिल कर मिथिलेश राम पीडीएस डीलर संघ के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष चुन लिए गए। जनवितरण प्रणाली के सदस्यों ने माला पहनाकर नए अध्यक्ष का स्वागत किया। नए अध्यक्ष मिथिलेश राम ने संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे राशन डीलरों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कमिटी का विस्तार कर नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। वहीं निवर्तमान निगरानी समिति के अध्यक्ष रामजनम सिंह ने कहा कि मिथिलेश राम के अध्यक्ष बनने से डीलर संघ को काफी मजबूती मिलेगी। इसके लिये उन्होंने बधाई दी है। कार्यक्रम में उदय यादव, अरबिंद कुमार सिंह, सूर्यनारायण राम,अजित चौधरी, जमील अहमद, बिमलेश कुमार, पिंटू कुमार, हरि,रामप्रवेश, रामजनम सिंह,रमेश कुमार,प्रवीण चौधरी, ललन पासवान, नरेश प्रसाद,उमेश पासी,दीपक पटेल, सूरज पासवान,सुरेंद्र कुमार, न्यायमूर्ति सिंह,रजनीश सिंह,मनीष सिंह,कुणाल यादव, बृजेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों डीलर एसोसिएशन सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विजेताओं को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरष्कृत

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के गोदरमा कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रविवार को समारोह आयोजित कर विजेता प्रतिभागियों पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नीरज कुमार पांडेय व संचालन प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण नप के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय,रामसरीख पांडेय, वेदव्यास पांडेय व नरेंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।? अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि पुरस्कार बच्चों को आगे और भी बेहतर करने का प्रेरणा देगा। मौके पर शिक्षक श्याम किशोर पांडेय,ललित पांडेय,रश्मि पांडेय,आराधना पांडेय,सीमा देवी सहित कई लोग मौजूद थे। मालूम हो कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्र - छात्राओं के लिये कई प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। इसी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को आज पुरष्कृत किया गया।

### 13 किसानों को मिला ट्रॉली युक्त सोलर वाटर पंप

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी पंचायत के मुखिया चिंता देवी के पहल पर पंचायत क्षेत्र के कुल 13 किसानों को किसान समृद्धि योजना के तहत 90प्रतिशत सब्सिडी पर ट्रॉली युक्त सोलर वाटर पंप प्राप्त हुआ। शनिवार को मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह एवं कृषि विभाग के शशि रंजन के हाथों पंचायत सचिवालय परिसर में सभी किसानों को ट्रॉली युक्त सोलर वाटर पंप वितरित किया गया। इस दौरान मौके पर किसान समृद्धि योजना के लाभुक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान कृषि विभाग के शशि रंजन ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर कृषि उपकरण दिए जा रहे हैं। वहीं तकनीकी सहायक के द्वारा सभी किसानों को इसके उपयोग एवं रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी गई। वितरण के दौरान मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के संबोधन में मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है। मुखिया के पहल पर सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ लोहारसी पंचायत के 13 किसानों ने लिया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को बेहद लाभ होगा, ईंधन एवं बिजली के खर्चे से निजात मिलने से किसानों में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। इस दौरान मौके पर लाभुक दिनेश गुप्ता, महताब आलम, गीता देवी, जहरातिम मियां, रामपति देवी, संजय अंसारी, रुस्तम अंसारी, जुबेदा बीवी, शनेश्वर पाल, इमरोज अंसारी, मनीष कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी पर कोट ठाकुरबाड़ी में कार्यक्रम

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड मुख्यालय के कोट ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण भक्ति और उल्लास से गूंज उठा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया पति राजन सिंह, सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, मुखिया प्रत्याशी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय, सुरेंद्र शुक्ला, मनोज मिश्रा, प्रमोद मिश्रा एवं अंजनी सिंह , बालकेश पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।वही कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर गुरुजी ने किया।साथ ही दुगोला कार्यक्रम में ब्यास गुड्डु दुबे और अंकू राय ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिससे वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के मौके पर सनातन धर्म के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जीवनी से व्यक्ति को जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने बचपन से लेकर महाभारत तक अपने कर्मों से मानवता को दिशा दिखाई। अर्जुन को दिखाया गया उनका विराट स्वरूप दर्शन आज भी जीवन निर्माण का संदेश देता है।वहीं पंचायत के मुखिया पति राजन सिंह ने कहा कि सनातन धर्म का न तो कोई आदि है और न ही कोई अंत। यह सदा से रहा है और सदा रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में आने वाले दिनों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को और भी भव्य तरीके से मनाया जाएगा।साथ ही नवल किशोर राय ने कहा कि समाज में समरसता और शांति तभी संभव है जब हम श्रीकृष्ण द्वारा बताए गए मार्ग पर चलें। कार्यक्रम में बच्चन पाठक, अध्यक्ष ओमप्रकाश सौंडिक, सचिव अनिल सिंह,कोषाध्यक्ष विश्वजीत सिंह, गौतम सिंह, ज्ञानु राय, बबलू तिवारी, कमलेश तिवारी, अमित पाठक, संतु शर्मा, दुर्गा तिवारी, हैप्पी गुप्ता, नीतीश मिश्रा, रामराज प्रसाद, पंडित सुभाष चंद्र मिश्रा, पिंटू सिंह, नीरज प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्या मंदिर लोहरदगा ऑल ओवर चैंपियन बना

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं अनुशासनपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत आने वाले पांच विद्यालयों के प्रतिभाशाली भैया -बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुरेश चंद्र पांडे शिशु मंदिर लोहरदगा, मनोहर मोदी बड़की चापी,प्रमोद कुमार कैरो, विमलेश तिवारी सेन्हा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ऊं,एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अतिथियों परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन हेतु प्रोत्साहित करती है, प्रश्न प्रतियोगिता न केवल बौद्धिक क्षमता का विकास करती है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, त्वरित सोचने की शक्ति और प्रतिस्पर्धा की भावना भी जाग्रत करती है। कार्यक्रम व्यवस्था की रूपरेखा राजीव कुमार सिंह ने बताया। प्रतियोगिता में विज्ञान, वैदिक गणित, संस्कृति बोध परियोजना, संस्कृत, अंग्रेजी, एवं संगणक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रश्न डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से पूछे गए भैया- बहनों ने तेज़ी और सटीकता से उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भैया -बहनों में भी गहरी उत्सुकता देखने को मिली। निर्णायक मंडली नीलिमा सिंह द्वारा परिणाम घोषित किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहनों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, द्वितीय स्थान बड़की चापी, एवं तृतीय स्थान सुंदरी देवी शिशु विद्या मंदिर लोहरदगा विजेता टीम को आगामी विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में संकुल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में 214 भैया-बहन एवं प्रबंधकारिणी समिति, आचार्य/दीदी जी सहित 288 सदस्य शामिल हुए। समापन सत्र में आशीर्वचन में उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि प्रतियोगिता में हार -जीत होती रहती है। हार को नकारात्मक रूप से देखने के बजाय, इससे सीखने के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

## 2000 बैच के शिक्षकों का रजत जयंती समारोह संपन्न

# गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है : उपायुक्त

- **स्व. दिशोम गुरु शिबू सोरेन, स्व. रामदास सोरेन व सात दिवंगत शिक्षकों को दी गई श्रद्धांजलि**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** वर्ष 2000 में बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित होकर जिले में योगदान देने वाले शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को स्थानीय ब्लॉक कॉलोनी स्थित नगर भवन में रजत जयंती समारोह मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चन्दमौलेश्वर, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजीव रंजन, सेवानिवृत्त प्राचार्य शिवशंकर सिंह एवं कृष्णा प्रसाद, तथा बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। स्व. दिशोम गुरु शिबु सोरेन, स्व. रामदास सोरेन एवं सात दिवंगत शिक्षकों को श्रद्धांजलि दी गई। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व सहजन-चंदन के पौधे देकर किया गया। इस अवसर पर दिवंगत शिक्षकों की धर्मपत्नी, सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अन्यत्र स्थानांतरित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने शिक्षकों को बच्चों का आदर्श बताते हुए कहा कि विद्यार्थी सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि उनके आचरण और व्यवहार से भी सीखते हैं। उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने कहा शिक्षक समाज के लिए आदर्श होते हैं। बच्चों की निगाह केवल आपकी पढ़ाई पर ही नहीं रहती, बल्कि आपके आचरण और व्यवहार पर भी रहती है। इसलिए जरूरी है कि आप विद्यालय में अपने हर कार्य और गतिविधि पर विशेष ध्यान दें। गुरु-शिष्य परंपरा हमारी सनातन परंपरा है, इसे और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। डीईओ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में योगदान देने का आह्वान किया। मंच से वक्ताओं ने 2000 बैच के शिक्षकों की उपलब्धियों को गिनाया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों का नेतरहाट, नवोदय, इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालयों में चयन तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता शामिल रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नागपुरी नृत्य-गायन, बांसुरी वादन व संस्मरणों ने कार्यक्रम को जीवंत बनाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष कुमार ने किया। समारोह में पंकज सौरभ, दीपक कुजूर, मयंक भूषण, शंकर कुमार विद्यार्थी, बबन सिंह, नीलपद चक्रवर्ती, जयवीरस लकड़ा, सुजीत कुमार, राजीव रंजन, विजय कुमार झा, सुलेखा कुमारी, श्रवण कुमार, शशिकला तिर्की सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन का रक्तदान शिविर कल

**लोहरदगा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 19 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को गरीब नवाज़ रिलीफ़ फाउंडेशन (दावत-ए-इस्लामी इंडिया) के सौजन्य से एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर अंजुमन इस्लामिया अस्पताल, ईदगाह रोड, लोहरदगा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। आयोजन समिति ने जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और इस मानवसेवा कार्य को सफल बनाएं। उक्त जानकारी मो मुंसफ कुरैशी, मो सलमान अंसारी, हाजी शमशेर कुरैशी ने दी।

# संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सेन्हा का बेहतर प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों का संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्या भारती योजनानुसार संकुल स्तरीय प्रश्नमंच का सफलता पूर्वक आयोजन किया किया गया। जिसमें संकुल स्तर का आठ विद्यालय के कुल 214 भैया बहन सम्मिलित हुए जिसमें शिशु वर्ग,बाल वर्ग और किशोर वर्ग के रूप में भैया बहनों को शामिल किया गया था.आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में संस्कृत, अंग्रेजी, संस्कृति बोध परियोजना, विज्ञान, वैदिक गणित संगणक से सम्बन्धित विभिन्न विषयों का प्रतियोगिता कराई गया.सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा से 44 भैया बहन शामिल हुए थे। जिसमें अंग्रेजो विषय पर किशोर वर्ग बहन काजल कुमारी, आकांक्षा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही वैदिक गणित विषय पर बालवर्ग में अंकुश कुमार,अमन उरांव,साहिल कुमार को द्वितीय स्थान मिला सफल प्रतिभागी भैया बहन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर लोहरदगा आयोजित विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी एवं अचकार्य आचार्या और प्रबंधकारिणी समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गई।

## रक्तदान कर बचाई गयी जान

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के भक्तों ने एक बार फिर हनुमान जी की तरह सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। समिति हमेशा संकट की घड़ी में श्रीराम भक्तों की मदद के लिए खड़ी रहती है। मंगलवार को फूलदेव भगत के पुत्र विकास भगत को दोबारा खून की आवश्यकता पड़ी। इस पर फूलदेव जी ने समिति से संपर्क किया। समिति ने तुरंत पहल करते हुए ब्लॉक कॉलोनी निवासी अमन मिश्रा से संपर्क किया। अमन मिश्रा जी ने हनुमान जी से प्रेरणा लेकर तुरंत अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। उनके इस प्रयास से विकास भगत के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई। समिति ने बताया कि श्रीराम भक्त हनुमान जी की तरह न तो अपने बल-बुद्धि का घमंड करते हैं, न ही उसका दिखावा।

# बी डिविजन क्रिकेट लीग अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से होगा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

- **पूर्व जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बीसीसीआई के पूर्व सचिव स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

**लोहरदगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बी डिविजन क्रिकेट लीग का शुभारंभ अक्टूबर के दूसरे सप्ताह से किया जाएगा । इस वर्ष जिले के खिलाड़ियों को पांच टूर्नामेंट जैसे बी डिवीजन क्रिकेट लीग, ए डिविजन क्रिकेट लीग, नॉक आउट टूर्नामेंट, T20 टूर्नामेंट तथा अंतर विद्यालय टूर्नामेंट खेलने का अवसर प्राप्त होगा। इन सभी टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन दिनांक 16 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जाएगा। खिलाड़ियों को अपना पीबीसी आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र और स्कूल के करंट ईयर का बोनाफाइड सर्टिफिकेट जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी टीम का या खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। निबंधन के लिए बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में कार्यालय निर्धारित तिथि को प्रतिदिन 10:00 बजे से 2:00 बजे तक खुली रहेगी। लीग तथा टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए टुर्नामेंन्ट कमेटी का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष नेयाज मल्लिक तथा सदस्य रथींद्रनाथ राय, प्रवीण कुमार प्रसाद, सतीश वर्मा, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, मुकेश दुबे, और अभय साहू को बनाया गया। लीग के सफल संचालन हेतु अमित कुमार तथा जयजीत चौबे को सारी जिम्मेवारी दी गई।

इसके पूर्व जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बीसीसीआई के पूर्व सचिव स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके द्वारा क्रिकेट के क्षेत्र में सफल संचालन एवं अद्वितीय योगदान के लिए उनकी सराहना की गई। इस अवसर पर भास्कर दास गुप्ता, विशाल महेंद्रु, आलोक राय ,रथींद्रनाथ राय तथा विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी उपस्थित थे।

# भंडरा में यूरिया की किल्लत से किसान बेहाल, धान की फसल पर संकट



- **किसानों का आरोप – विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से फल-फूल रहा खाद्य का गोरखधंधा**
- **यूरिया के लिए भटक रहे किसान, दुकानदार और अधिकारी दोनों पर उठे सवाल**

**नवीन मेल संवाददाता**

### जिला कृषि पदाधिकारी का बयान

इस मामले में पूछने पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि – "जिस किसान को यूरिया नहीं मिल रहा है या कोई दुकानदार यूरिया देने से मना करता है, वे लिखित आवेदन दें। बार-बार भंडरा समेत जिले में खाद की किल्लत की शिकायत मिल रही है, इस मामले की जांच की जाएगी।"

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। धान की फसल पटवन के बाद अब खाद की आवश्यकता है, लेकिन किसानों को खाद बीज की दुकानों और लैंपस से यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान प्रमोद उरांव, कर्मा उरांव, शिव उरांव, जीवन उरांव, राजू उरांव, मदन उरांव समेत कई किसानों ने बताया कि यूरिया नहीं मिलने से धान की फसल प्रभावित हो रही है। किसान लगातार दुकानों का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें मायूसी हाथ लग रही है। कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि होलसेलर की ओर से यूरिया की सप्लाई नहीं हो रही है। वहीं, किसानों का आरोप है कि यूरिया लेने के लिए दुकानदार जिंक, जाइम और कैल्सियम जैसे अन्य उत्पाद जबरन टैग करवा रहे हैं। जो किसान लेने से इंकार करते हैं, उन्हें खाद नहीं दी जाती। साथ ही यह भी आरोप है कि अन्य प्रखंडों के कुछ दुकानदार चोरी-छिपे 400-500 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया बेच रहे हैं, जबकि सामान्य किसानों को सरकारी मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती।

भंडरा प्रखंड के भौरो, अकाशी, चट्टी व भंडरा स्थित लैंपस में भी यूरिया उपलब्ध नहीं है। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को फसल की पैदावार पर असर पड़ने का डर सता रहा है। किसानों का कहना है कि खाद की इस गोरखधंधे में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत रहती है। हर वर्ष इसी मौसम में खाद की किल्लत सामने आती है और अधिकारी मौन रहते हैं।

## रोहित उरांव के प्रयास से रिम्स में चल रही नूरजहां खातून का ईलाज



**लोहरदगा।** जिले के हिरही गांव निवासी नैमुल अंसारी की पत्नी नूरजहां खातून की तबियत विगत दिनों से काफी दयनीय थी। उसे बेहतर ईलाज के लिए परिजनों द्वारा लोहरदगा विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित उरांव युवा नेता से संपर्क किया गया। जिसके बाद मरीज को उचित ईलाज के लिए रोहित उरांव के प्रयास एवं परिजनों के सहमति से रिम्स रांची में मरीज को भर्ती किया गया एवं रिम्स प्रबंधन से बात कर अपने सहायक प्रभारी सिकन्दर खान को हॉस्पिटल भेज मरीज की बेहतर ईलाज के लिए कार्य किया गया। ईलाज के बाद स्वास्थ्य में काफी सुधार है। जल्द ही स्वस्थ होकर मरीज अपने परिजनों के साथ घर में होगी। इस कार्य हेतु मरीज के परिजनों के द्वारा रोहित उरांव के कार्यों को सराहा एवं आभार व्यक्त किया गया।

## चीरी में 19 व 20 अगस्त को आयोजित होगी खेल नुमाइश प्रोग्राम, तैयारियां तेज

# खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम में शरीक होने वाली अखाड़ों को किया जाएगा पुरस्कृत : ऐनुल अंसारी

- **नुमाइशी खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी अखाड़ों को पुरस्कृत किया जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी आजाद बस्ती में आगामी 19 और 20 अगस्त को चेहल्लुम के मौके पर चेहल्लुम खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता हेतु कमेटी के द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। मालूम हो कि कुड़ू प्रखंड अंतर्गत चीरी आजाद बस्ती में दो दिवसीय खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से आयोजित कराए जाने को लेकर आयोजन समिति की ओर से बैठक कर रणनीति बनाई गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संरक्षक सह कुड़ू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने बताया कि आगामी 19 अगस्त को अपराह्न 02:00 बजे मेला का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं 20 अगस्त को अपराह्न 02:00 बजे खेल नुमाइश प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

ऐनुल अंसारी ने बताया कि खेल नुमाइश सह मेला के सफल आयोजन एवं आपसी सौहार्द तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर सौ से दो सौ मेंबर बनाए गए हैं, सभी सदस्यों को अपनी-अपनी जिम्मेवारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि आजाद बस्ती चीरी में लगने वाले मेला में झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन, मंकी मैंस तथा अनेकों प्रकार के मनोरंजन की चीजें की व्यवस्था की गई है,जो आकर्षण का केंद्रबिंदु होगा। ऐनुल अंसारी ने बताया कि नुमाइशी खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी अखाड़ों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार,चतरा समेत अन्य कई जिलों के अखाड़े को आमंत्रित किया गया है। संरक्षक ऐनुल अंसारी ने कहा कि है खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम में क्षेत्र के कई नामचीन बड़े हस्तियां शरीक होंगे। आयोजन समिति के संरक्षक ऐनुल अंसारी ने बताया कि चीरी आजाद बस्ती में आयोजित होने वाले खेल नुमाइश सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु कमेटी भी बनाई गई है जिसमें दिलदार अंसारी, महमूद अंसारी, नजीबुल अंसारी, शहजाद अंसारी, शंकर उरांव,मुकेश उरांव,अताउल अंसारी, साबिर अंसारी, रोजामत अंसारी, शाहिद अंसारी, मनौव्वर अंसारी,वसीम अंसारी,संजू तुरी,कलीम अंसारी, सनाउल अंसारी,मेराज अंसारी, नेशार अंसारी,साजिद अंसारी, कासिम अंसारी समेत अन्य को शामिल किया गया है। मौके पर बैठक में चीरी आजाद बस्ती व पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# जीता-जागता झूलन प्रतियोगिता में जीवंत झांकियों ने मोहा मन

## हटिया गार्डेन में जीवंत झूलन, कृष्ण लीलाओं संग रामायण-महाभारत प्रसंग भी मंचित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हटिया गार्डेन मंदिर परिसर में इस वर्ष भी जीता-जागता झूलन का भव्य आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्म के बाद की लीलाओं के साथ-साथ रामायण व महाभारत से जुड़े प्रसंगों को भी जीवंत कर सबको भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच छोटे-छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण लीला से जुड़े हर किरदार को जीवंत कर दिया। बाल रूप श्रीकृष्ण में मक्खन चुराते और बांसुरी बजाते रूप ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। वही यशोदा मैया – बच्चों ने माँ के वात्सल्य का अभिनय कर दर्शकों की आँखें नम कर दीं। नंद बाबा – श्रीकृष्ण के पालनहार पिता का रूप सजीव कर ग्रामीण जीवन का भाव जगाया। राधा – सखी संग झूला झूलती राधा के रूप में बालिका का अभिनय दर्शकों के दिलों को भा गया।

गोप-गोपियां – माखन की मटकी और खेल-खिलंदड़ अदाओं ने सबको आकर्षित किया। कंस – अत्याचार और अहंकार का जीवंत रूप प्रस्तुत कर बाल कलाकार ने समूचे वातावरण को गूंजा दिया।श्रीराम-सीता व हनुमान – त्रेता युग की झलक भी मंचित कर यह संदेश दिया गया कि धर्म की विजय सदा होती है। देवी-देवताओं की झांकियां – दुर्गा, शिव, गणेश और अन्य स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूतना वध – बालकृष्ण ने राक्षसी पूतना का वध कर असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया।शेषनाग पर लीला – शिशु स्वरूप श्रीकृष्ण को शेषनाग की छत्रछाया में देख श्रद्धालु भावुक हो उठे।

ओखली में बंधे कृष्ण – मक्खन चोरी के कारण माँ यशोदा द्वारा श्रीकृष्ण को ओखली से बाँधने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। कालिय नाग मर्दन – यमुना में कालिय नाग के फनों पर नृत्य करते श्रीकृष्ण का जीवंत चित्रण किया गया।

गोवर्धन धारण – इन्द्रदेव के कोप से गोकुलवासियों की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत धारण की झांकी ने सबका मन मोह लिया। गोप-गोपियों संग रासलीला – बांसुरी की मधुर धुन व झूला झूलते श्रीकृष्ण का दृश्य भक्तिमय वातावरण बना गया। कंस वध – अंत में कंस वध की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने धर्म की विजय का संदेश दिया। अर्धनारीश्वर – भगवान शिव और माता पार्वती के सम्मिलित स्वरूप ने भक्ति और आस्था का अद्भुत संदेश दिया।

गीता उपदेश – महाभारत युद्धभूमि में अर्जुन को श्रीकृष्ण द्वारा दिया गया उपदेश जीवंत किया गया। राजा परीक्षित को सर्पदंश – महाभारत के बाद की कथा को दिखाते हुए परीक्षित को श्रापवश तक्षक नाग के डसने की झांकी सजाई गई। राम-लक्ष्मण-सीता और हनुमान – त्रेता युग के प्रसंग को दिखाते हुए रामायण की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। कृष्ण-सुदामा मिलन – मित्रता और सच्चे प्रेम का संदेश देते हुए कृष्ण-सुदामा मिलन का दृश्य भावुक कर गया। राक्षसों का उद्धार – विभिन्न राक्षसों के उद्धार की लीलाओं का भी चित्रण किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शनिवार की तरह रविवार को भी शाम 7 बजे से हटिया गार्डेन परिसर श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। गौरतलब है कि यह आयोजन पिछले कई दशकों से निरंतर होता आ रहा है और पूरे जिले में इकलौता स्थान है, जहां इस तरह का जीवंत झूलन सजता है। यही कारण है कि भक्त बड़ी संख्या में यहां उमड़ते हैं और हर वर्ष इसका बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। कार्यक्रम की सफलता में विक्की कुमार, आशुतोष पाठक, कमलेश कुमार (छोटू), शेखर, ऋषभ, नवीन सोनी, आशीष, राजा, रोहन राज, निखिल, अविनाश कुमार, सूरज, बीरेंद्र समेत अनेक युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयास से ही यह पारंपरिक कार्यक्रम और भी भव्य व आकर्षक बन सका।

## कैरो में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** शनिवार की देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूम धाम से संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कैरो शिव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन स्थानीय आयोजन समिति के द्वारा आयोजित की गई।सर्व प्रथम पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी के द्वारा शिव मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के उपरांत 12 घंटे अखंड हरि कीर्तन आयोजन हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण,संकीर्तन का संकल्प यजमान से कराया।नर्मदेश्वर शिव मंदिर के 12 घंटे अखंड हरिकीर्तन जो 16 अगस्त को 12:30 बजे दिन में प्रारंभ होकर 12:30 बजे मध्य रात्रि में समाप्त हुई। उक्त कीर्तन में चांनहो प्रखंड के गणेशपुर की महिला टीम, कैरो उतका के कीर्तन टीम ने भी भाग लिए। मौके पर आयोजन समिति के गंगा प्रसाद,बसंत साहु,कमलेश प्रसाद,आनंद प्रसाद साहू,कृष्णा साहु,रिंकू प्रसाद,मोती साहु,अनिल साहु,इत्यादि ने आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता रही,वही इस अवसर पर बालेश्वर साहु,शतीश कुमार पांडे, राजू सोनी, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जन्माष्टमी पर ब्रह्माकुमारी शिव दर्शन भवन गुमला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को ब्रह्माकुमारी शिव दर्शन भवन, गुमला में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे उपस्थित थे। साथ ही सेंट जेवियर कॉलेज रांची की असिस्टेंट प्रोफेसर नेहा अग्रवाल, वार्ड कमिश्नर शैल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता राजबल्लभ मिश्रा, व्यवसायी मनोज अग्रवाल एवं पुलिस लाइन गुमला से सब इंस्पेक्टर समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण और गोपियों की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत किया। राजयोगिनी ब्र. कु. शांति दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम और करुणा का अनुपम प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर जीवन को श्रेष्ठ बनाना चाहिए। इस अवसर पर बीके भाई-बहनों समेत शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे भवन को फूलों व रोशनी से सजाकर आकर्षक रूप दिया गया। ब्रह्माकुमारी शिव दर्शन भवन द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों व समाज में आध्यात्मिकता, संस्कार और नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है।

## जिंदगी आजादी के 79 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे है ग्रामीण

# गांव तक पहुंचने के लिए नहीं है सड़क

- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने गांव से फेर लिया मुंह
- चुनाव में भी नहीं आते हैं जनप्रतिनिधि व अधिकारी
- एक कुएं पर निर्भर 250 परिवार

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के देवाकी बाड़ोटोली गांव के लोगों की जिंदगी आजादी के 79 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रही है । आजादी के इतने वर्षों बाद भी यहां पहुंचने के लिए कोई पक्का या कच्चा संपर्क मार्ग मौजूद नहीं है । गांव तक आने जाने का रास्ता न होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । गंभीर समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई बीमार हो जाता है । संपर्क मार्ग के अभाव में डॉक्टर भी गांव तक जाने से कतराते हैं । ऐसी स्थिति में मजबूर ग्रामीण मरीज को कंधों पर उठाकर 2 से 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाने के लिए विवश हो जाते हैं । कई बार समय पर इलाज न मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है ।

इस गांव में शिक्षा व्यवस्था आज भी बेहद लचर हालत में है । गांव में न तो आंगनबाड़ी केंद्र है और न ही प्राथमिक विद्यालय । ऐसे में बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी दूसरे गांव जाना पड़ता है । लेकिन स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बरसात के मौसम में पास की नदी उफान पर आ जाती है । क्योंकि नदी पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, इसलिए बरसात के दिनों में बच्चों को स्कूल जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । कई बार नदी का जल स्तर बढ़ जाने पर गांव के बच्चे पूरे 10 से 15 दिनों तक स्कूल नहीं जा पाते हैं । इससे उनकी पढ़ाई पर सीधा असर पड़ता है ।

नदी में पुल नहीं होने से बरसात ग्रामीणों की जिंदगी अस्त- व्यस्त हो जाती है गांव के पास से बहने वाली नदी पर पुल न होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों की जिंदगी अस्त-व्यस्त हो जाती है। भारी बरसात के दौरान नदी का पानी उफान पर रहता है, जिससे ग्रामीण दूसरी ओर जाकर आवश्यक वस्तुएँ नहीं ला पाते। इस कारण ग्रामीण मजबूरी में पहले से ही 10–15 दिनों का राशन और जरूरत की वस्तुएँ खरीद कर घरों में जमा कर लेते हैं।

हालांकि, बरसात का मौसम लंबे समय तक चलता है और अक्सर इनका भंडार समय से पहले ही खत्म हो जाता है। ऐसी स्थिति में लोग गांव की छोटी-छोटी किराना दुकानों से अपनी जरूरत का सामान खरीदते हैं। लेकिन समस्या तब और गहरी हो जाती है जब इन दुकानों का सामान भी खत्म हो जाता है और नदी पार करना असंभव हो जाता है।

बरसात के मौसम में गांव की गलियां भी कीचड़ में तब दिल हो जाती है। घर से बाहर निकलना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। खेतों में काम करने जाना हो या मवेशियों को चराने, हर जगह कीचड़ भरे गलियों से होकर गुजरना मजबूरी हो जाता है।

गांव के बच्चे बरसात के मौसम में खुलकर खेल भी नहीं पाते हैं। गुल्ली-डंडा जैसे पारंपरिक खेलों से वंचित होकर वे घरों तक ही सीमित हो जाते हैं। कीचड़भरे वातावरण में खेलकूद की मनाही ने बच्चों की दिनचर्या और उत्साह पर भी असर डालता है।

गांव कीचड़ में डूबने से संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ जाती है। जगह-जगह पानी जमा होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य के सामने यह मौसम चुनौती बनकर खड़ा रहता है।बाड़ो टोली गांव में एक पुल की कमी ने जाने कितनी जिंदगियां ली ली 65 वर्षीय लालो देवी की कहानी सुनकर दिल दहल जाता है उन्होंने बताया कि सालों पहले उनके पति अचानक बीमार पड़ गए भारी

## बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में पीपल का पौधरोपण

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के पिंजराडीपा स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आज श्रद्धा और उल्लास के साथ पवित्र पीपल के पौधे का रोपण किया गया। इस पुण्य कार्य को पालकोट युवराज राम मनोहर नाथ शाहदेव ने संपन्न कराया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पीपल का वृक्ष जीवन, आस्था और पर्यावरण संतुलन का प्रतीक है। मंदिर परिसर में इसके रोपण से श्रद्धालुओं के बीच हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर बसंत साहू, रूपधारी साहू, मनीष, विजय बाबा, प्रमोद सिंह, आशीष प्रसाद साहू और अशोक साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए पौधे के संरक्षण का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि इस प्रकार की पहल न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती है, बल्कि समाज में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है।

## कृषि विज्ञान केंद्र गुमला में किसानों के बीच मालदा आम पौधा का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती बिशुनपुर) द्वारा संचालित निकरा 2025-25 परियोजना के अंतर्गत किसानों के बीच मालदा आम का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करते हुए निकरा परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार ने किसानों को आम बागवानी की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। वहीं डॉ. बृजेश कुमार पांडे ने बागवानी के महत्व पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने कहा कि आम वितरण का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना है। आने वाले दिनों में समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम कर टिकाऊ एवं जलवायु सहनशील मॉडल तैयार होगा।

इस कार्यक्रम के तहत दुनिया बेला गड़ा के 500 एवं कोटा के 34 किसानों के बीच कुल 500 मालदा आम पौधों का वितरण किया गया। किसानों ने इसे अपनी आमदनी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बानो में लगी आग, कपड़े सहित कई सामान जलकर राख

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित साजिद अंसारी के घर में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर में रखे कपड़े सहित कई जरूरी सामान जलकर राख हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मिली जानकारी के अनुसार, साजिद अंसारी के घर में कपड़े बनाने और बेचने के लिए काफी मात्रा में कपड़ा रखा हुआ था। रविवार की सुबह अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका।स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीण शाहनवाज अंसारी ने तुरंत इसकी सूचना बानो पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। इसके बाद बानो पुलिस ने सिमडेगा अग्निशमन विभाग से संपर्क किया। अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।हालांकि आग से हुए नुकसान का सटीक आकलन अब तक नहीं हो पाया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लाखों रुपये मूल्य के कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं। आग लगने के कारणों का भी अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है।

## धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी बच्चों ने किया मन मोह लेने वाला प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान, प्रखंड मुख्यालय का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया।इस साल का उत्सव खास रहा, क्योंकि बच्चों ने राधा-कृष्ण के मनमोहक रूप में सज-धजकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मिलकर केक काटा और भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशी जाहिर की।प्रखंड के दुर्गा मंदिर परिसर और ब्लॉक परिसर में स्थित मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पंडितों और आचार्यों ने वैदिक as मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई, जिससे वातावरण और भी पवित्र हो गया। आधी रात को, ठीक 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही पूरा इलाका 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे उद्घोषों से गूंज उठा।पूरे प्रखंड के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रातभर लोग भगवान की भक्ति में लीन रहे। खासकर बच्चों में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, जो रातभर जागकर भगवान की आराधना करते रहे। इस सफल आयोजन में स्थानीय युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चैनपुर प्रखंड में 'नल जल योजना' की गुणवत्ता पर उठे सवाल

# घटिया ईंटों का इस्तेमाल व 33 हजार वोल्ट के तार से जान को खतरा

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के हरिजन मोहल्ला में नल जल योजना के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण में घोर अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही घटिया सामग्री और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।पानी टंकी के चारदीवारी निर्माण में दो नंबर की ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसकी वजह से दीवारें कमजोर हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह निर्माण कभी भी ढह सकता है, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। यह न केवल सरकारी धन का सीधा दुरुपयोग है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है।इस मुद्दे पर बोलते हुए, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि चैनपुर प्रखंड में सरकार के पैसे का बंदरबांट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मेरी लकड़ा ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि बस्ती के लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो और भविष्य में कोई अनहोनी न हो, इसके लिए 33 हज़ार वोल्ट के नग्न तार को सुरक्षित रूप से कवर करके ही पार किया जाए। वहीं, उप प्रमुख प्रमोद खलखो ने भी निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और काम पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदार तो काम करके चले जाएंगे, लेकिन हम सभी को यहीं रहना है और इस निर्माण को देखना है।

## हर घर वनौषधि अभियान की शुरुआत

# प्रकृति से जुड़ाव ही स्वास्थ्य का असली उपहार : अशोक भगत

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर ने रविवार को हर घर वनौषधि अभियान की शुरुआत लंगराटाड़ ग्राम से की। संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने स्वयं अभियान का नेतृत्व किया और लोगों को प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तेज़ी से बदलती जीवनशैली में लोग प्राकृतिक संसाधनों और औषधीय पौधों से दूर होते जा रहे हैं, जबकि यही पौधे हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अमूल्य धरोहर हैं।

अभियान का उद्देश्य प्रत्येक घर में तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, एलोवेरा, बाकस, हरसिंगार और नीम जैसे औषधीय पौधे लगाना है। ये पौधे न केवल वायु को शुद्ध करते हैं, बल्कि सर्दी-खांसी, प्रतिरोधक क्षमता की कमी और त्वचा रोग जैसी बीमारियों में घरेलू औषधि के रूप में बेहद कारगर हैं।

**प्रकृति से जुड़ाव, स्वस्थ जीवन की ओर कदम**

अशोक भगत ने कहा कि यह पहल केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का अभियान है। औषधीय पौधों की देखभाल से न सिर्फ लोगों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों को सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा न मानें, बल्कि उन्हें जीवन और स्वास्थ्य से भरपूर आश्रय बनाएं।

## विकास भारती बिशुनपुर ने लंगड़ाटांड़ से शुरू किया "हर घर वनौषधि" अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**बिशुनपुर (गुमला)।** पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भारती बिशुनपुर ने हर वर्ष की तरह इस बार भी हर घर वनौषधि अभियान की शुरुआत की। इस वर्ष अभियान का शुभारंभ सुदूरवर्ती ग्राम लंगड़ाटांड़ से किया गया।

अभियान के तहत ग्रामवासियों को तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, एलोवेरा, हरसिंगार और नीम जैसे औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए। ये पौधे वायु शुद्ध करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और सामान्य रोगों की चिकित्सा में कारगर माने जाते हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ औषधीय पौधों के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही गांव के प्रत्येक परिवार को औषधीय पौधों के साथ-साथ फलदार पौधे (नाशपाती और आम) भी वितरित किए गए।

विकास भारती का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण है, बल्कि ग्रामीण परिवारों में स्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक चिकित्सा को भी बढ़ावा देना है।

## ऐतिहासिक चेहल्लुम जुलूस, भाईचारे व शांति का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** शहर में रविवार को चेहल्लुम का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों का उत्साह चरम पर दिखा। खास बात यह रही कि इस बार जुलूस में देशभक्ति गीतों की धुन गूँजती रही और जगह-जगह हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की गई।

चेहल्लुम का जुलूस दोपहर 4 बजे शुरू हुआ, जो आजाद बस्ती, इस्लामपुर, हुसैन नगर, बाबर गली, थाना रोड, आंबेडकर नगर, खड़िया पाड़ा, चांदनी चौक, बाजारटांड़, सिसई रोड, टावर चौक होते हुए गांधी नगर मोड़ तक गया। वहां से पुनः लोहरदगा रोड, महावीर चौक और मेन रोड होते हुए देर रात टावर चौक में सम्पन्न हुआ। जुलूस में लगभग 12 अखाड़ों के सदस्य शामिल हुए। युवाओं ने तलवार, भाला और लाठी भांजते हुए करतब दिखाए। जगह-जगह अखाड़ों के सदस्यों ने आकर्षक प्रदर्शन किया, जिससे भीड़ उत्साहित हो उठी। कई अखाड़ों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में नज़र आए, जिसने जुलूस की शोभा और बढ़ा दी। ताजिया जुलूस का मुख्य आकर्षण रहा। विभिन्न मोहल्लों से देशभक्ति आधारित ताजिये भी निकाले गए। पगड़ीपोशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी हारिश बिन जमा, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव और थाना प्रभारी महेंद्र करमाली मौजूद रहे। मौके पर अंजुमन इस्लामिया गुमला के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी पर हांडी फोड़ प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़, स्कूल चौक और ब्लॉक चौक सहित विभिन्न जगहों पर हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कृष्ण-राधा के वेशभूषा में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे और भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। इधर, शैलपुत्री फाउंडेशन द्वारा संचालित ललित उरांव मेमोरियल स्कूल, भरनो में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इसके बाद हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और अतिथियों ने भक्ति भाव से भाग लिया। स्कूल के निदेशक विनय कुमार केसरी ने अपने संबोधन में जन्माष्टमी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को इसके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर लक्ष्मी कुमारी, सुरभि कुमारी, वेद कुमार केसरी, निशा कुमारी, शिल्पा कुमारी और समीक्षा रानी ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## बारिश के कारण गिरा मिट्टी का घर



**सिसई (गुमला)।** लगातार हो रही बारिश के कारण सिसई के पोटरो गांव निवासी किसान लैटु गोप का मिट्टी के दीवार से बना रसोई घर गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। तथा रहने वाला कमरा का दीवार भी फट कर अलग हो गया है, जिसे बांस की बली लगाकर रखा गया है। जो कभी भी गिर सकता है। जिससे जानमाल की क्षति होने का खतरा बना हुआ है। खतरे की आशंका को देखते हुए पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है एवं पक्का आवास देने की मांग की है।

**जड़ों का स्मरण** | कुरडेग के गाड़ियाजोर में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

# आदिवासी संस्कृति व परंपरा हमारी पहचान है: भूषण बाड़ा

- जुलूस निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कुरडेग के गाड़ियाजोर में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, करमडीह पेरिस चेयरमैन सदानंद कुजूर भी मौजूद थे। मौके पर जुलूस भी निकाली गई। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली हमारी असली पहचान है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी जड़ों को न भूलें और शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में योगदान दें। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नई पहल करने की भी बात कही। साथ ही आदिवासी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। विधायक ने कहा कि आज आदिवासी समाज को अपना अस्तित्व, संस्कृति और सम्मान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## अदभुत है आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति व परंपरा: जोसिमा खाखा



जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आदिवासी समाज का रहन सहन, भाषा, संस्कृति, परंपरा अदभुत है। आदिवासी समाज की संख्या तेजी से घट रही है। देश में आदिवासी समाज को खत्म करने के लिए कई प्रकार के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। हमारे निवास स्थल के क्षेत्रों में बड़े बड़े पूंजीपतियों की कुदृष्टि लगी हुई है। हमारे जल, जंगल, जमीन हथियाने के लिए तरह तरह के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। इसके लिए सभी लोगों को एकजूट होकर आवाज बुलंद करने की जरुरत है।मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, शीतल तिर्की, दीपक जायसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, मुखिया प्रतिभा कुजूर, पंचायत अध्यक्ष सुनील कुजूर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलशल एक्का, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सबिता लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, दुर्गेश पासी, आशीष कुमार समेत भारी संख्या में आदिवासी भाई-बहन शामिल हुए।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में कालू इलेवन मठ तुरीअम्बा बना विजेता

**भरनो (गुमला)।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में सरना फुटबॉल क्लब भरनो के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय कैश मनी प्राइज व जोड़ा खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटन नगड़ी प्रखंड प्रमुख एवं सीपीएम नेता मधुवा कच्छप, समाजसेवी लखन सिंह, भरनो प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, पूर्व मुखिया मुकेश उरांव व सुरजमणि उरांव, पंसस बिरसा उरांव एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से बॉल किक कर किया। फाइनल मुकाबला कालू इलेवन मठ तुरीअम्बा और संदीप ब्रदर जामटोली (बेड़ों) टीम के बीच खेला गया।

